बिहार लोक सेवा आयोग

15ए, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना - 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या-26/2023, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा

विज्ञापन संख्या-26/2023, विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा हेतु आयोजित परीक्षा के उपरांत दस्तावेज सत्यापन के दौरान अयोग्य पाये गये या अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-26/2023, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा के आवेदन के समय अपने–अपने दावा को एवं उसके समर्थन में आवश्यक प्रमाण पत्रों को समर्पित करते हुए इन सभी तथ्यों को सही होने की वचनबद्धता (undertaking) दी थी परन्तु दस्तावेजों के सत्यापन के समय आप पर्याप्त अवसर मिलने के बावजूद इसमें अनुपस्थित रहे/असफल पाए गए | आपके इस कृत्य से जहाँ मानव बल एवं समय की बर्बादी हुई और प्रक्रिया बाधित हुई वहीं दूसरी ओर आपका यह कृत्य गलत मंशा से नियुक्ति पाने का कुप्रयास मानने की सम्भावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है |

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि दिनांक-07.11.2023 तक आयोग के ईमेल पर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करें कि क्यों नहीं आपके उक्त कृत्य को कदाचार की श्रेणी में मानते हुए आपके विरूद्ध विधि सम्मत/अनुशासनिक कार्रवाई की जाये एवं आयोग के आगामी परीक्षाओं में भाग लेने से वंचित कर दिया जाये।

उक्त तिथि तक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तदालोक में आयोग आपके विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई के लिये स्वतंत्र होगा। विदित हो कि दस्तावेज सत्यापन के दौरान अयोग्य पाये गये एवं अनुपस्थित अभ्यर्थियों की सूची आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

27.10.2023

संयुक्त सचिव-सह-परीक्षा नियंत्रक

बिहार लोक सेवा आयोगए पटना